RAF SECTOR

NEWS CLIP

07/09/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran, Meerat(UP)

अब संयुक्त राष्ट्र जाएंगे सेना के जवान, ट्रेनिंग पूरी

मेरठ। संयुक्त राष्ट्र मिशन पर सूडान और लेबनान जाने वाली आर्मी जवानों की टीम का प्रशिक्षण 6 सितंबर यानी सोमवार को रैपो में पूरा किया गया। सात दिन के इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान जवानों को कई तरह की हिंसा की वीडियो दिखाई गई और भीड़ नियंत्रण को लेकर नई तकनीक की जानकारी दी। इस दौरान 12 जवानों की टीम को यहां ट्रेनिंग के लिए भेजा गया था। यह टीम अब जल्द ही संयुक्त राष्ट्र मिशन के लिए रवाना होगी।

भारतीय सेना के 12 जवानों की टीम को मेरठ के लोक व्यवस्था अकादमी यानी रैपो में सात दिन की ट्रेनिंग के लिए 31 अगस्त को भेजा गया था। इन सभी जवानों को ट्रेनिंग के बाद संयुक्त राष्ट्र मिशन पर सूडान और लेबनान में आगे की ट्रेनिंग के लिए भेजा जाना है।

कोर्स में हवलदार जालम सिंह प्रथम स्थान पर रहे। दूसरे स्थान पर नायब सूबेदार रमेश सिंह और तीसरे स्थान पर पवन कुमार सिंह रहे। इन सभी को डीआईजी रैपो अखिलेश कुमार सिंह ने मेडल और प्रमाण पत्र दिए।

Pioneer Samachar Seva, (New Delhi)

मेरठ के लोक व्यवस्था अकादमी में प्रशिक्षण के बाद रैपो के पुलिस उप महानिरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह सेना के जवान को मेडल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करते हुए।

अकादमी में 12 जवानों ने पूरा किया दंगा नियंत्रण का प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● मेरठ स्थित संस्थान में सेना के जवानों ने सीखी बारीकियां

मेरठ स्थित लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) में भारतीय सेना के 12 जवानों के दल का दंगा नियंत्रण संबंधी एक सप्ताह का प्रशिक्षण संपन्न हो गया है। अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रैपो ने बताया कि यह विशेष प्रशिक्षण 31 अगस्त से 6 सितंबर तक संचालित किया गया।

अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को रैपो मेरठ के प्रांगण में इस प्रशिक्षण के दौरान भारतीय सेना के 12 जवानों को दंगा नियंत्रण के सभी तकनीकी पहलुओ के साथ ही शारीरिक प्रशिक्षण एवं लोक व्यवस्था प्रबंधन में प्रशिक्षित किया गया। इसके अलावा इन जवानों को दंगा जैसी स्थितियों के दौरान भीड़ की मनोवैज्ञानिकता, फायर फाइटिंग तकनीक,लेस लीथल वेपन/एम्युनेशन हैण्डलिंग, नए विशेष उपकरणों से परिचय, विशेष वाहनों जैसे वज्र, वरूण एवं सीएसआईआर द्वारा भीड़ नियंत्रण से संबंधित डिजाइन किए दो नए आधुनिक विशेष वाहनों से परिचय कराया गया।

प्रशिक्षण के लिये भारतीय सेना ने राजपूत रेजीमेंट, ग्रेनेडियर रेजीमेंट और मद्रास रेजीमेंट से इन 12 कार्मिकों को इस प्रशिक्षण के लिए चुना था। जो प्रशिक्षण के उपरान्त संयुक्त राष्ट्र मिशन के लिये सूडान और लेबनान जाएंगे। इस कोर्स में प्रथम स्थान पर हवलदार जालम सिंह, द्वितीय स्थान पर नायब सूबेदार रमेश सिंह एवं तृतीय स्थान पर पवन कुमार सिंह रहे। अखिलेश कुमार सिंह ने जवानों को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में हरीश चन्द्र सिंह नेगी, उप कमाडेंट, नीरज कुमारझा, उप कमांडेंट, प्रमोद कुमार सिंह, सहा. कमांडेंट, गोविन्द सिंह नेगी, सहा. कमांडेंट, अजीत कुमार, सहा. कमांडेंट व अन्य प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।